

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>बिहार लोक भवन, पटना–800022</u>

*संख्या–105/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राज्यपाल ने देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना 03 दिसम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयन्ती के अवसर पर बिहार लोक भवन, पटना के सामने राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चरखा से सूत कात रही स्वदेशी कंबल आश्रम की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया। तत्पश्चात् राज्यपाल ने राजेन्द्र घाट स्थित राजेन्द्र बाबू की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजेन्द्र बाबू को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

.............................................